(vii) भारत में घटिया और असुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाकर भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एमईआईटीवाई ने अनिवार्य अनुपालन के लिए "इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी माल (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2012" अधिसूचित किया है। इस आदेश के प्रावधानों के अनुसार, निर्माता को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में उत्पाद का परीक्षण कराना होता है, बीआईएस से पंजीकरण लेना होता है और उत्पाद पर पंजीकरण चिह्न लगाना होता है। इस आदेश के तहत 44 उत्पाद श्रेणियों को अधिसूचित किया गया है।

(viii) राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति, 2019 (एनपीई 2019), 25.02.2019 को अधिसूचित की गई है। एनपीई 2019 का विजन भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में पेश करना है, ताकि चिपसेट सहित मुख्य घटकों को विकसित करने और विश्व भर में प्रतिस्पर्धा करने के लिए उद्योग के लिए सक्षमकारी वातावरण बनाने के लिए देश में क्षमताओं को प्रोत्साहित और प्रबल किया जा सकें।

(ix) कॉरपोरेट आयकर में कटौती :

घरेलू कंपनियाँ अब 22% की दर पर (अधिभार और उपकर सहित 25.17%) रियायती कर व्यवस्था का विकल्प चुन सकती हैं, बशर्ते कि ऐसी कंपनी ने किसी भी आयकर प्रोत्साहन या छूट का दावा न किया हो। ऐसी कंपनियां न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी नहीं होंगी। इसके अलावा, विनिर्माण में नए निवेशों को आकर्षित करने मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए नए प्रावधान किए गए है जिनमें 1 अक्तूबर, 2019 को या उसके बाद नियमित नई घरेलू कंपनियों के विनिर्माण में नव निवेश करने और 31 मार्च, 2023 तक अपना प्रचालन शुरू करने, 15% की दर पर (अधिभार और उपकर सहित 17.16%) कारपोरेट आयकर का विकल्प चुनने की अनुमति है। ऐसी कंपनी आयकर अधिनियम के तहत किसी अन्य आयकर छूट / प्रोत्साहन का लाभ नहीं उठा सकती है। ऐसी कंपनियां न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी नहीं होंगी।

छूट/प्रोत्साहन का लाभ उठाने वाली कंपनियों के लिए एमएटी दर 18.5% से घटाकर 15% कर दी गई है।

<u>नवाचार और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना</u>

(x) इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट फंड (ईडीएफ) को व्यावसायिक रूप से प्रबंधित "डॉटर फंड्स" में शामिल करने के लिए "फंड्स ऑफ फंड्स" के रूप में स्थापित किया गया है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में नई तकनीकों को विकसित करने वाली कंपनियों को जोखिम पूंजी प्रदान करेगा। इस निधि से इन प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास तथा नवाचार को बढ़ावा देना अपेक्षित है।

(xi) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) अभिज्ञात थ्रस्ट क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए आईआईटी, आईआईएससी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और आरएंडडी संगठनों जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों को सहायता अनुदान प्रदान करता है । इन शोध कार्यक्रमों का उद्देश्य अवधारणा, प्रौद्योगिकी / उत्पाद विकास और प्रौद्योगिकी के अन्तरण के प्रमाण देना हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, इन क्षेत्रों में कई शोध पहलें की गई हैं। इन शोध कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप "मेक इन इंडिया" में सहयोग करने के लिए विशिष्टता प्राप्त जनशक्ति का सृजन होता है।

(xii) सेट टॉप बॉक्सेस(एसटीबी) के स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इंडियन कंडिशनल एक्सेस सिस्टम (आईसीएएस) को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रणाली पर विकसित किया गया है। केबल नेटवर्क में आईसीएएस का कार्यान्वयन किया जा रहा है ।

(xiii) ईएसडीएम क्षेत्र के विकास के लिए ऊष्मायन प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में एक इलेक्ट्रोप्रेनुर पार्क स्थापित किया गया है जो इस क्षेत्र में आईपी निर्माण और उत्पाद विकास में योगदान देगा।

(xiv) अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईटी-कानपुर में नेशनल सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस लार्ज एरिया फ्लैक्सीबल इलेक्ट्रॉनिक्स (एनसीएफएलईएक्स) केंद्र स्थापित किया गया है; जिसका उद्देश्य विनिर्माण; पारिस्थितिकी तंत्र; उद्यमिता, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी और मानव संसाधन और व्यावसायीकरण के लिए उद्योग के सहयोग से प्रोटोटाइप का विकास करना है।

(xv) आईआईटी-बॉम्बे में नेशनल सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टेक्नालोजी आन इण्टरनल सिक्योरिटी (एनसीईटीआईएस) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी प्रोटोटाइप उपलब्ध कराकर सतत आधार पर राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा जरूरतों को पूरा करना है और आंतरिक सुरक्षा के लिए घरेलू उद्योग को बढ़ावा देना है।

(xvi) आईआईटी-पटना में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स पर आधारित एक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है।

(xvii) सेमीकंडक्टर डिज़ाइन में स्टार्ट-अप इन्क्यूबेट करने और इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए स्टार्ट-अप को वन-स्टॉप सेवा प्रदान करने के लिए आईआईटी हैदराबाद में एक फैबलेस चिप डिज़ाइन इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है।

(xviii) एसटीपीआई चेन्नई में फिनटेक में अवसंरचना, संसाधन, कोचिंग / मेंटरशिप, प्रौद्योगिकी सहायता और फिनटैक क्षेत्र में सहयोगी दृष्टिकोण के माध्यम उभरते हुए स्टार्ट अप्स को फंड प्रदान करने के लिए एक उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) की स्थापना की गई है जिसमें औद्योगिक साझेदार रूप में मैसर्स इन्टलैक्ट डिजाइन, एनपीसीआई, यूआईडीएआई और साझेदार बैंक के रूप में येस बैंक, पे पाल एचएसबीसी, ज्ञान साझेदार के रूप में आईआईटी चेन्नई और औद्योगिक संपर्क प्रदान करने के लिए टीआईई चेन्नई शामिल है।

(xix) एक एल ओ टी ओपन लैब - ऐरो इलेक्ट्रॉनिक्स एसटीपीआई बैंगलोर के साथ साझेदारी करके सेन्टर आफ एक्सीलेंस फार इंटरनेट ऑफ थिंग्स (सीओई) की स्थापना की गई है ताकि विकासशील उत्पादों और / या एलओटी संबंधी सेवाओं के विकास के लिए एलओटी उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में स्टार्टअप्स को शैक्षणिक और व्यावसायिक परामर्श प्रदान किया जा सके।

(xx) ईएसडीएम नवाचार, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने और देश के पूर्वी क्षेत्र में भारतीय बौद्धिक संपदा बनाने के लिए एक समग्र ईको-सिस्टम बनाने के उद्देश्य से भुवनेश्वर में एक ईएसडीएम इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की गई है।

*****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न संख्या 1410**

दिनांक 27 नवम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

okf.kT; vkj vk|kfxd {k= e fxjkoV

1410- Jh Vhñ ,uñ iFkkiu%

D;k **okf.kT; vkj m|kx e=h** ;g crku dh dik djx fd%

¼d½ D;k okf.kT; vkj vk|kfxd {k= e enh g(

¼[k½ ;fn gk] rk nkuk {k=k e ekt nk of) nj vkj foxr ikp foÙkh; o"kk e iR;d o"k dh of)&nj dk C;kjk D;k g(vkj

¼x½ nkuk {k=k e Øe'k% o"k 2010] 2014 vkj 2018 d nkjku dh of)&nj fdruh g\

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

भाग (क) से (ग) :

पण्य वस्तु में निर्यात और आयात, दोनों के लिए वृद्धि दर निम्नानुसार है :-

भारत का व्यापार	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
पण्य वस्तु निर्यात वृद्धि (%)	4.66	-1.29	-15.48	5.17	10.03	8.75
पण्य वस्तु आयात वृद्धि (%)	-8.26	-0.48	-14.96	0.88	21.13	10.41
स्रोत : भारत का पण्य वस्तु व्यापार : डीजीसीआई एंड एस						

औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक की वृद्धि दर पर तालिका निम्नानुसार है :-

औद्योगिक उत्पादन का सूचकांक (% परिवर्तन)						
		आधार 2011-12				
	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
आईआईपी की समग्र वृद्धि	3.3	4.0	3.3	4.6	4.4	3.8
स्रोत : राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय						

वित्तीय वर्ष 2009-10 में पण्य वस्तु निर्यात वृद्धि -3.53 प्रतिशत और पण्य वस्तु आयात वृद्धि -5.05 प्रतिशत थी। वित्तीय वर्ष 2009-10 में औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक (आईआईपी) में 5.29 प्रतिशत* की वृद्धि हुई।

विगत तीन वर्षों में पण्य वस्तु निर्यात में लगातार वृद्धि होती रही है और यह वैश्विक व्यापार में मंदी होने के बावजूद वर्ष 2018-19 में 330.07 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया।

*वर्ष 2009-10 के लिए आंकड़े आधार-वर्ष 2004-05 के हैं।

****

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 1401

दिनांक 27 नवम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

निर्यात संवर्द्धन योजना का दुरुपयोग

1401. श्रीमती पूनमबेन माडमः
श्री पशुपति नाथ सिंहः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) निर्यात प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सुविधाओं के दुरुपयोग के लिए पहचानी गई उन कंपनियों की संख्या का ब्यौरा क्या है जिनके विरुद्ध विगत तीन वर्षों के दौरान कार्रवाई की गई है;

(ख) इनके विरुद्ध की गई कार्रवाई के परिणाम का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परिणामों के आधार पर विगत तीन वर्षों के दौरान जिन कंपनियों के निर्यात–कोड रद्द किए गए थे, उन कंपनियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और उनके नाम क्या हैं;

(घ) अनुमोदित इकाइयों की सूची के अंतर्गत सूचीबद्ध की गई कंपनियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उपर्युक्त सुविधाओं का दुरुपयोग करने वाली कंपनियों द्वारा किए गए ऐसे अपराधों के संबंध में कोई दंडात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) उक्त कारणों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): गत तीन वर्षो के दौरान निर्यात संवर्धन स्कीम के अंतर्गत दी गई सुविधाओं का दुरुपयोग करने वाली 1271 कंपनियों के विरुद्ध विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा कार्रवाई की गई है। विवरण डीजीएफटी की वेबसाइट में निम्नलिखित लिंक http://dgftcom.nic.in/exim/2000/Penalty2019.pdf पर उपलब्ध है। विवरण में वे कंपनियां शामिल हैं जिनका आयातक–निर्यातक कोड निरस्त किया गया है अथवा जिन्हें अस्वीकृत इकाई सूची में डाला गया है। सुविधाओं का दुरुपयोग करने पर कंपनियों को निर्यात संवर्धन स्कीमों के तहत आगे सुविधाओं से वंचित किया गया है, उनके आयातक निर्यातक कोड (आईईसी) को निरस्त/निलंबित किया गया है, वित्तीय जुर्माना लगाया गया है; और वसूली की कार्यवाही प्रारंभ की गई है।

****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1400**

वाणिज्य विभाग

दिनांक 27 नवंबर, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

आरसीईपी संबंधी निर्णय की समीक्षा

1400. श्री एम॰ सेल्वराजः
श्री के॰ सुब्बारायणः
डॉ॰ प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडेः
श्री एंटो एन्टोनीः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) में सहभागिता तो की परन्तु बाद में इससे हटने का निर्णय किया;
(ख) यदि हां, तो आरसीईपी वार्ता प्रक्रिया से हटने का क्या कारण है और इसमें कितना समय लिया गया;
(ग) क्या सरकार द्वारा अपने इस निर्णय की समीक्षा करने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार पर इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए किसी बाहरी देश का कोई दबाव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) आरसीईपी पर हस्ताक्षर नहीं करने के पक्ष में उठाए गए मुद्दों का ब्यौरा क्या है और क्या भारत द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए सदस्य देशों द्वारा कोई आश्वासन दिया गया था; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च) : दिनांक 4 नवंबर, 2019 को बैकांक में आयोजित तीसरे आरसीईपी नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान भारत ने कहा कि आरसीईपी की वर्तमान संरचना आरसीईपी के मार्गदर्शक सिद्धांतों को प्रतिबिम्बित नहीं करती अथवा यह भारत के बकाया मुद्दों और समस्याओं का समाधान नहीं करती है, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत आरसीईपी में सम्मिलित नहीं हुआ। जबकि, आरसीईपी की भारत सहित अन्य आरसीईपी देशों के लिए परस्पर लाभकारी परिणाम देने की इच्छा के बावजूद इसकी वर्तमान संरचना भारत के हितधारकों की महत्वाकांक्षाओं और समस्याओं का पर्याप्त समाधान नहीं करती है।

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1390

दिनांक 27 नवम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत द्वारा निर्यात

1390. श्री कौशलेन्द्र कुमारः

श्री अजय निषादः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान तय किए गए निर्यात लक्ष्यों और उपलब्धियों संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत दो वर्षों और चालू वर्ष में प्रत्येक वर्ष के दौरान क्षेत्र/निर्यातोन्मुखी इकाई (ईओयू) से विभिन्न वस्तुओं के निर्यात के लिए निर्धरित लक्ष्य और प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत दो वर्षों में किसी वर्ष के दौरान भारत से यूरोप को होने वाले निर्यात में कोई गिरावट दर्ज की गई है;

(घ) यदि हां, तो उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जो वैश्विक मांग में मंदी के लिए जिम्मेदार हैं;

(ङ) क्या इसके कारण देश की निर्यात–क्षमता प्रभावित हो रही है;

(च) क्या सरकार देश में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी उपाय कर रही हैं, और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) विदेश व्यापार नीति 2015–20 के अनुसार, सरकार का लक्ष्य भारत के व्यापारिक वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 465.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर वर्ष 2019–20 तक लगभग 900 बिलियन अमरीकी डॉलर करना और विश्व निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं) में भारत का हिस्सा 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.5 प्रतिशत करना है। डब्ल्यूटीओ के अनुमान के अनुसार वर्ष 2018 में विश्व निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं) में भारत का हिस्सा 2.1 प्रतिशत था। विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान भारत के समग्र निर्यात (व्यापारिक वस्तुओं और सेवाओं) का मूल्य निम्नानुसार हैः

(मूल्य अमेरिकी बिलियन डॉलर में)

वर्ष	निर्यात
2013–14	466.23
2014–15	468.46
2015–16	416.60
2016–17	440.05
2017–18	498.63
2018–19	538.07

स्रोतः डीजीसीआईएंडएस और आरबीआई

(ख): विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और निर्यात उन्मुख इकाइयों (ईओयू) से विभिन्न मदों के लिए कोई निर्यात लक्ष्य निर्धारित नहीं है। पिछले दो वर्षों और मौजूदा वर्ष (अप्रैल–सितम्बर, 2019) के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र और निर्यात उन्मुख इकाईयों से होने वाला निर्यात निम्नानुसार हैः

(करोड़ रुपए में)

वर्ष	एसईजेड निर्यात	ईओयू निर्यात
2017–18	581033	86083
2018–19	701179	87372
अप्रैल–सितम्बर, 2019	381912	39879

(ग) से (ड.) : जी नहीं। पिछले दो वर्षों के दौरान भारत से यूरोप को व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात निम्नानुसार है:

वर्ष	मूल्य (अमेरिकी बिलियन डॉलर में)
2016–17	53.33
2017–18	60.35
2018–19	64.38

स्रोत : डीजीसीआई एंड एस

उपर्युक्त तालिका यह दर्शाती है कि भारत से यूरोप को निर्यात में पिछले वर्षों की तुलना में वर्ष 2017–18 में 13.2 प्रतिशत, वर्ष 2018–19 में 6.7 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि हुई है।

(च) और (छ): सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

i. नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी), 2015–20 1 अप्रैल, 2015 को आरंभ की गई। इस नीति में अन्य बातों के साथ–साथ पूर्व की निर्यात संवर्धन स्कीमों को तर्कसंगत बनाया गया और दो नई स्कीमें अर्थात माल के निर्यात में सुधार लाने के लिए भारत से व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात की स्कीम (एमईआईएस) और सेवाओं के निर्यात में वृद्धि करने के लिए 'भारत से सेवा निर्यात की स्कीम (एसईआईएस)' आरंभ की गई। इन स्कीमों के अंतर्गत जारी ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिप पूर्ण रूप से हस्तांतरणीय थे।

ii. विदेश व्यापार नीति, 2015–20 की मध्यावधि समीक्षा 5 दिसम्बर, 2017 को की गई। प्रति वर्ष 8450 करोड़ रु. के वित्तीय निहितार्थ के साथ श्रम सघन/एमएसएमई क्षेत्रों के लिए प्रोत्साहन दरों में 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई।

iii. लाजिस्टिक्स क्षेत्र के एकीकृत विकास का समन्वय करने के लिए वाणिज्य विभाग में एक नये लाजिस्टिक्स प्रभाग का सृजन किया गया। विश्व बैंक के लाजिस्टिक्स कार्यनिष्पादन सूचकांक में भारत का स्थान वर्ष 2014 में 54 वें स्थान से सुधरकर वर्ष 2018 में 44वें स्थान पर पहुंच गया।

iv. पूर्व एवं पश्च पोतलदान रुपये निर्यात ऋण पर ब्याज समकरण स्कीम को दिनांक 1.4.2015 से प्रारंभ किया गया जिससें श्रम सघन/एमएसएमई क्षेत्रों के लिए 3 प्रतिशत ब्याज समकरण प्रदान किया जा रहा है। दिनांक 2.11.2018 से एमएसएमई क्षेत्रों के लिए दर को बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया और दिनांक 2.1.2019 से स्कीम के अंतर्गत मर्चेन्ट निर्यातकों को शामिल किया गया।

v. व्यापार करने की सुगमता को बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए गए। विश्व बैंक में "व्यापार करने की सुगमता" में भारत का रैंक वर्ष 2014 में 142 से बेहतर होकर वर्ष 2019 में 63 हो गया तथा "सीमा पार व्यापार" में रैंक 122 से 80 हो गया।

vi. देश में निर्यात अवसंरचना अंतर को पाटने के लिए दिनांक 1 अप्रैल, 2017 से एक नई स्कीम नामतः "निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस)" को प्रारंभ किया गया।

vii. दिनांक 6 दिसम्बर, 2018 को एक व्यापक "कृषि निर्यात" नीति प्रारंभ की गई जिसका लक्ष्य वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दुगना करना तथा कृषि निर्यात को बल प्रदान करना है।

viii. विनिर्दिष्ट कृषि उत्पादों के निर्यात हेतु परिवहन की उच्च लागत के नुकसान को कम करने के लिए एक नई स्कीम नामतः "परिवहन एवं विपणन सहायता" (टीएमए) स्कीम प्रारंभ की गई है।

ix. वस्त्र और निर्मितियों के निर्यात को शामिल करते हुए एक नई स्कीम नामतः राज्य और केन्द्रीय करों और लेवी से छूट प्रदान करने हेतु स्कीम (आरओएससीटीएल) को दिनांक 7.3.2019 को अधिसूचित किया गया जिसके अंतर्गत उच्च दरों पर शुल्कों/करों का रिफंड दिया जा रहा है।

****

अनुबंध

घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिमाण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम:

(i) संशोधित विशेष प्रोत्साहन पैकेज स्कीम (एम-एसआईपीएस) इलेक्ट्रॉनिक्स विनिमाण क्षेत्र म अक्षमता को संतुलित करने और निवेश को आकर्षित करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है। नई परियोजनाओं के साथ-साथ विस्तार परियोजनाओं के लिए यह स्कीम 31.12.2018 तक आवेदन प्राप्त करने के लिए खुली थी। इस स्कीम के तहत, 110,004 करोड़ रू. के निवेश वाले 409 निवेश प्रस्ताव (10.10.2019 की स्थिति के अनुसार) विचाराधीन ह ।

(ii) इलेक्ट्रॉनिक्स विनिमाण इकाइयों के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के सृजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु इलेक्ट्रॉनिक्स विनिमाण क्लस्टस (ईएमसी) स्कीम को अधिसूचित किया गया था। स्कीम 5 वर्ष की अवधि के लिए अथात 21.10.2017 तक आवेदन की प्राप्ति के लिए खुली थी। अनुमोदित आवेदकों के लिए धन के संवितरण 5 वर्ष का आगे का अवधि उपलब्ध है। इस स्कीम के तहत देश भर के 15 राज्यों म 20 ग्रीनफील्ड ईएमसी और 3 सामान्य सुविधा कद्र (सीएफसी) स्थापित करने के लिए मंजूरी दी गई है।

(iii) इलेक्ट्रॉनिक माल, जिसम *अन्य चीजों के साथ-साथ* सेलुलर मोबाइल हडसेट, टीवी, इलेक्ट्रॉनिक संघटक, टीवी के लिए सेट टॉप बॉक्स, एलईडी उत्पाद और मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण शामिल ह, के घरेलू विनिमाण को बढ़ावा देने के लिए टैरिफ संरचना को युक्तिसंगत बनाया गया है । मोबाइल हडसेट और उनके पार्ट्स / संघटक विनिमाण म घरेलू मूल्य वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक चरणबद्ध विनिमाण कायक्रम(पीएमपी) अधिसूचित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, भारत ने इस क्षेत्र म तेजी से निवेश आकर्षित करना शुरू कर दिया है और पिछले चार वर्षों के दौरान देश म महत्वपूण विनिमाण क्षमताएं स्थापित की गई ह। मोबाइल हडसेट और उनके पुर्जों / कलपुर्जों का विनिमाण सेमी नाक्ड डाउन (एसकेडी) से पूरी तरह से नाक्ड डाउन-(एसकेडी) स्तर तक आगे बढ़ रहा है, जिससे घरेलू मूल्य वृद्धि म उत्तरोत्तर वृद्धि होगी ।

(iv) मौजूदा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिमाण के लिए आटोमेटिक रूट के तहत 100% तक एफडीआई की अनुमति है जो लागू विधियों/ विनियमों/सुरक्षा एवं अन्य शर्तों के अध्यधीन है ।

(v) इलेक्ट्रॉनिक्स विनिमाण उद्योग द्वारा उपयोग के लिए कम से कम 5 वर्षों के शेष जीवन वाले उपयोग किए गए संयत्र और मशीनरी का आयात पयावरण, वन और जलवायु परिवतन मंत्रालय की दिनांक 11.06.2018 की अधिसूचना के जरिए खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और ट्रांस बाउन्ड्री अभियान) नियम, 2016 के संशोधन के माध्यम से सरल किया गया है।

(vi) निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक माल के विनिमाण के लिए अधिसूचित पूंजीगत वस्तुओं को "निल" आधारभूत सीमा शुल्क (बीसीडी) पर आयात करने की अनुमति है।

(vii) राजस्व विभाग ने दिनांक 11.09.2018 की अधिसूचना संख्या 60/2018-सीमा शुल्क के तहत दिनांक 14.11.1995 की अधिसूचना संख्या 158/95-सीमा शुल्क म संशोधन किया है, जिसम भारत म विनिर्मित और मरम्मत या सुधार के लिए भारत म फिर से आयात किए गए निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के लिए काल -प्रभावन प्रतिबंध को 3 वर्ष से 7 वर्ष तक शिथिल किया गया है।

(viii) भारत म घटिया और असुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाकर भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एमईआईटीवाई ने अनिवाय अनुपालन के लिए "इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी माल (अनिवाय पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2012" अधिसूचित किया है। इस आदेश के प्रावधानों के अनुसार, निमाता को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं म उत्पाद का परीक्षण कराना होता है, बीआईएस से पंजीकरण लेना होता है और उत्पाद पर पंजीकरण चिह्न लगाना होता है। इस आदेश के तहत 44 उत्पाद श्रेणियों को अधिसूचित किया गया है।

(ix) राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति, 2019 (एनपीई 2019), 25.02.2019 को अधिसूचित की गई है। एनपीई 2019 का विजन भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिमाण (ईएसडीएम) के लिए वैश्विक कद्र के रूप म पेश

करना है, ताकि चिपसेट सहित मुख्य घटकों को विकसित करने और विश्व भर में प्रतिस्पर्धा करने के लिए उद्योग के लिए सक्षमकारी वातावरण बनाने के लिए देश में क्षमताओं को प्रोत्साहित और प्रबल किया जा सके।

(x) कुछ इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं जैसे मोबाइल फोन हैंडसेट, लिथियम आयन बैटरी, एयर-कंडीशनर, एलसीडी टीवी आदि के लिए एक ग्रेडेड बेसिक कस्टम्स ड्यूटी (बीसीडी) संरचना प्रदान की गई है। ग्रेडेड बीसीडी संरचना के तहत, घरेलू मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए सामान्य रूप से तैयार वस्तु की तुलना में इनपुट पर बीसीडी कम दर पर निर्धारित की जाती है ।

लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले (एलसीडी) और लाइट एमिटिंग डायोड (एलईडी) टीवी पैनल्स के विनिर्माण में उपयोग के लिए ओपन सेल (15.6" और उससे अधिक) पर लगाया गया बीसीडी अधिसूचना संख्या 30/2019, दिनांक 17.09.2019 के तहत सितंबर 2020 तक 5% से घटाकर शून्य कर दिया गया है। बीसीडी को ओपन सेल के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित इनपुटों पर भी छूट दी गई है:

- फिल्म संबंधी चिप
- मुद्रित सर्किट बोर्ड असेंबली (पीसीबीए)
- सेल (ग्लास बोर्ड / सब्सट्रेट)

(xi) कॉरपोरेट आयकर में कटौती :

घरेलू कंपनियाँ अब 22% की दर पर (अधिभार और उपकर सहित 25.17%) रियायती कर व्यवस्था का विकल्प चुन सकती हैं, बशर्ते कि ऐसी कंपनी ने किसी भी आयकर प्रोत्साहन या छूट का दावा न किया हो। ऐसी कंपनियां न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी नहीं होंगी। इसके अलावा, विनिर्माण में नए निवेशों को आकर्षित करने मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए नए प्रावधान किए गए हैं जिनमें 1 अक्तूबर, 2019 को या उसके बाद नियमित नई घरेलू कंपनियों के विनिर्माण में नव निवेश करने और 31 मार्च, 2023 तक अपना प्रचालन शुरू करने, 15% की दर पर (अधिभार और उपकर सहित 17.16%) कारपोरेट आयकर का विकल्प चुनने की अनुमति है। ऐसी कंपनी आयकर अधिनियम के तहत किसी अन्य आयकर छूट / प्रोत्साहन का लाभ नहीं उठा सकती है। ऐसी कंपनियां न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी नहीं होंगी। छूट/प्रोत्साहन का लाभ उठाने वाली कंपनियों के लिए एमएटी दर 18.5% से घटाकर 15% कर दी गई है।

<u>नवाचार और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना</u>

(xii) इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट फंड (ईडीएफ) को व्यावसायिक रूप से प्रबंधित "डॉटर फंड्स" में शामिल करने के लिए "फंड्स ऑफ फंड्स" के रूप में स्थापित किया गया है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में नई तकनीकों को विकसित करने वाली कंपनियों को जोखिम पूंजी प्रदान करेगा। इस निधि से इन प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास तथा नवाचार को बढ़ावा देना अपेक्षित है।

(xiii) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) अभिज्ञात थ्रस्ट क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए आईआईटी, आईआईएससी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और आरएंडडी संगठनों जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों को सहायता अनुदान प्रदान करता है । इन शोध कार्यक्रमों का उद्देश्य अवधारणा, प्रौद्योगिकी / उत्पाद विकास और प्रौद्योगिकी के अन्तरण के प्रमाण देना है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, इन क्षेत्रों में कई शोध पहलें की गई हैं। इन शोध कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप "मेक इन इंडिया" में सहयोग करने के लिए विशिष्टता प्राप्त जनशक्ति का सृजन होता है।

(xiv) सेट टॉप बॉक्सेस(एसटीबी) के स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इंडियन कंडिशनल एक्सेस सिस्टम (आईसीएएस) को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रणाली पर विकसित किया गया है। केबल नेटवर्क में आईसीएएस का कार्यान्वयन किया जा रहा है ।

(xv) ईएसडीएम क्षेत्र के विकास के लिए ऊष्मायन प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में एक इलेक्ट्रोप्रेनुर पार्क स्थापित किया गया है जो इस क्षेत्र में आईपी निर्माण और उत्पाद विकास में योगदान देगा।

(xvi) अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईटी-कानपुर में नेशनल सेण्टर ऑफ एक्सीलस लाज एरिया फ्लैक्सीबल इलेक्ट्रॉनिक्स (एनसीएफएलईएक्स) केंद्र स्थापित किया गया है; जिसका उद्देश्य विनिमाण; पारिस्थितिकी तंत्र; उद्यमिता, अंतराष्ट्रीय भागीदारी और मानव संसाधन और व्यावसायीकरण के लिए उद्योग के सहयोग से प्रोटोटाइप का विकास करना है।

(xvii) आईआईटी-बॉम्बे में नेशनल सेण्टर ऑफ एक्सीलस फॉर टेक्नालोजी आन इण्टरनल सिक्योरिटी (एनसीईटीआईएस) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी प्रोटोटाइप उपलब्ध कराकर सतत आधार पर राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा जरूरतों को पूरा करना है और आंतरिक सुरक्षा के लिए घरेलू उद्योग को बढ़ावा देना है।

(xviii) बगलुरू में एनएएसएससीओएम के साथ मिलकर सेण्टर ऑफ एक्सीलस आन इंटरनेट ऑफ थिंग्स (एलओटी) की स्थापना की गई है।

(xix) आईआईटी-पटना में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स पर आधारित एक इनक्यूबेशन सटर स्थापित किया गया है।

(xx) सेमीकंडक्टर डिज़ाइन में स्टार्ट-अप इन्क्यूबेट करने और इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए स्टार्ट-अप को वन-स्टॉप सेवा प्रदान करने के लिए आईआईटी हैदराबाद में एक फैबलेस चिप डिज़ाइन इनक्यूबेशन सटर स्थापित किया गया है।

(xxi) एसटीपीआई चेन्नई में फिनटेक में अवसंरचना, संसाधन, कोचिंग / मेंटरशिप, प्रौद्योगिकी सहायता और फिनटैक क्षेत्र में सहयोगी दृष्टिकोण के माध्यम उभरते हुए स्टार्ट अप्स को फंड प्रदान करने के लिए एक उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) की स्थापना की गई है जिसमें औद्योगिक साझेदार रूप में मैसर्स इन्टलैक्ट डिजाइन, एनपीसीआई, यूआईडीएआई और साझेदार बैंक के रूप में येस बैंक, पे पाल एचएसबीसी, ज्ञान साझेदार के रूप में आईआईटी चेन्नई और औद्योगिक संपर्क प्रदान करने के लिए टीआईई चेन्नई शामिल है।

(xxii) एक एल ओ टी ओपन लैब - ऐरो इलेक्ट्रॉनिक्स एसटीपीआई बंगलोर के साथ साझेदारी करके सेन्टर आफ एक्सीलस फार इंटरनेट ऑफ थिंग्स (सीओई) की स्थापना की गई है ताकि विकासशील उत्पादों और / या एलओटी संबंधी सेवाओं के विकास के लिए एलओटी उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में स्टार्टअप्स को शैक्षणिक और व्यावसायिक परामश प्रदान किया जा सके।

(xxiii) ईएसडीएम नवाचार, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने और देश के पूर्वी क्षेत्र में भारतीय बौद्धिक संपदा बनाने के लिए एक समग्र ईको-सिस्टम बनाने के उद्देश्य से भुवनेश्वर में एक ईएसडीएम इनक्यूबेशन सटर की स्थापना की गई है।

*****